तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 मई 2024

11 जिपं सदस्य ने घोटिया की महिलाओं का किया सम्मान


12 शत-प्रतिशत मतदान के लिए नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति




## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय की सभा आज गुडेलिया में

**भाटापारा।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेलिया में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशाल आमसभा 3 मई को दोपहर 2 बजे होगी। इसमें भारी संख्या में जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आमआम जन भी शामिल होंगे। गौरतलब है कि राज्य में नई सरकार बनने के बाद बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़ेलिया में मुख्यमंत्री विष्णु विष्णु देव साय का प्रथम दौरा है। वहीं ग्राम पंचायत गुडेलिया जिले के आदर्श गांव के रुप में सम्मानित है।

### 5 मई को शाम से बंद होगी मदिरा दुकानें

**मुड़पार-सरसीवां।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के संपूर्ण क्षेत्र में संचालित समस्त देशी मदिरा दुकानों (सीएस–2 घघ), कंपोजिट मंदिरा दुकानों (सीएस–2 घघ कंपोजिट) तथा विदेशी मदिरा दुकानों (एफएल–1 घघ) को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व 5 मई को सायं 5 बजे से लेकर 7 मई को मतदान समाप्ति तक पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु शुष्क अवधि घोषित किया है। इस अवधि में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### कार्रवाई वापस लेने एम्स निदेशक से मिले चिकित्सा छात्र

**रायपुर।** मारपीट के मामले में हास्टल से छह माह के लिए निष्कासित किए गए चिकित्सा छात्रों को वापस लेने के लिए सहपाठियों ने एम्स निदेशक से मुलाकात की। निदेशक के साथ छात्रों की काफी देर तक चर्चा हुई और उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। करीब छह माह पहले रैगिंग की शिकायत पर बनाई गई कमेटी ने जांच की थी और मामले को मारपीट का माना था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एंटी रैगिंग कमेटी ने द्वितीय और तृतीय वर्ष के तीन छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की थी। कमेटी की बैठक के बाद छात्रों को इस बात की सख्त हिदायत दी गई है कि वे अपनी पढ़ाई पर फोकस करें।

### बागबाहरा में श्रीमद भागवत कथा आयोजित

**बागबाहरा।** नगर के न्यू बस स्टैंड में 1 मई से 8 मई तक श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वृंदावन संत राजीव नयन महराज व संजीव नयन महाराज का प्रवचनकर्ता है। जिसमें समस्त श्रद्धा श्रद्धालुजनों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ का लाभ उठाएं।

# 6 और 7 मई के विज्ञापन के लिए प्रत्याशियों को लेना होगा प्रमाणन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान के एक दिन पूर्व 6 मई और मतदान दिन 7 मई को समाचार पत्र में राजनीतिक से संबंधित विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जिला एमसीएमसी रायगढ़ और जांजगीर चांपा से लिया जाना अनिवार्य है। प्रकाशन की तिथि के कम से कम दो दिन पहले इस प्रमाणन के लिए कोई भी पंजीकृत या अपंजीकृत राजनीतिक दल, कोई भी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार, संगठन, संघ, व्यक्ति का कोई समूह आवेदन कर सकता है। **आवेदन पर निर्णय :** राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन आवेदक से आवेदन प्राप्त होने के दो दिनों के भीतर एमसीएमसी के निर्णय के बारे में आवेदक को सूचित किया जाएगा।

## जिला निर्वाचन आयोग का आदेश, दो दिन पहले लेनी होगी अनुमति

### अन्य व्यक्ति को देना होगा शपथ पत्र

निर्धारित प्रपत्र में आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के साथ विधिवित सत्यापित प्रतिलेख के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रस्तावित विज्ञापन की दो प्रतियां, विज्ञापन के उत्पादन की लागत, क्या विज्ञापन किसी उम्मीदवार या पार्टियों के चुनाव की संभावनाओं के लाभ के लिए हैं, से संबंधित विवरण। यदि विज्ञापन किसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा जारी किया जाता है तो उस व्यक्ति को शपथ पर बताना होगा कि यह राजनीतिक दल या उम्मीदवार के लाभ के लिए नहीं है और उक्त विज्ञापन किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार द्वारा प्रायोजित या कमीशन या भुगतान नहीं किया गया है। एक बयान का सारा भुगतान चेक या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा।



### सुप्रीमकोर्ट का आदेश

राजनीतिक दल और कोई भी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के अलावा तीसरे पक्ष के विज्ञापन पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश रोक नहीं लगाता है, लेकिन आदेश में कहा गया है कि तीसरा पक्ष किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के लाभ के लिए या उसके खिलाफ विज्ञापन नहीं दे सकते।

### एमसीएमसी का निर्णय और अपील

जिला स्तर की एमसीएमसी को यह अधिकार है कि वह किसी विज्ञापन को प्रसारित करने लायक न पाए जाने पर उसे प्रमाणन देने से इंकार कर दे। इस आदेश के खिलाफ उम्मीदवार या राजनीतिक दल राज्य स्तरीय एमसीएमसी समिति में अपील कर सकता है। इसी प्रकार राज्य स्तरीय एमसीएमसी आदेश के खिलाफ उम्मीदवार या राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर की एमसीएमसी समिति में अपील कर सकता है।

## विरोध : मतदान बहिष्कार की चेतावनी के बाद प्रशासन पहुंचा गांव

# खुजरी स्पंज फैक्ट्री का विरोध, पंचायत की अनुमति नहीं, फिर भी निर्माण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम खजुरी में स्पंज आयरन इंडस्ट्री लगाये जाने का विरोध ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। इसकी आग अब संयंत्र से प्रभावित अन्य ग्रामों में भी सुलगती नजर आ रही है। इस बारे में ग्रामीणों का कहना है कि संयंत्र लगने से फैलने वाला प्रदूषण से एक ओर आस–पास की कृषि भूमि को बंजर हो जावेगी। वहीं दूसरी ओर प्रदूषण से ग्रामीणों की सेहत पर बूरा प्रभाव पड़ेगा। इस बारे में ग्रामीणों का यह भी कहना था कि स्पंज आयरन फैक्ट्री लगाने का कार्य जारी है, लेकिन इस बारे में पंचायत की आमसभा में इस आशय कोई प्रस्ताव स्वीकार कर अनुमति नहीं दी गई। जिला प्रशासन के समक्ष लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं किये जाने से आक्रोशित होकर लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लेना पड़ा। बुधवार को तपती दोपहरी में ग्रामीणों द्वारा मतदान ▶▶ शेष पेज 11 पर

### अधिकारियों की समझाइश व वायदा के बाद ग्रामीण मतदान करने हुए राजी




### चुनाव बहिष्कार करने की दी थी चेतावनी

बताया गया है कि मंगलवार को खजुरी के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेरेट पहुंच निर्माणाधीन संयंत्र प्रबंधन द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाये जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा था। इसमें संबंधित संयंत्र पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं करने की स्थिति में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी गई थी। मंगलवार की दोपहर संयंत्र स्थापना विरोधी नारे लगाते व मतदान बहिष्कार का फ्लैक्स हाथों में लेकर गांव भ्रमण किया। वहीं खजुरी के ग्रामीणों को एकजुट देखकर संयंत्र से प्रभावित होने वाले अन्य ग्राम ढाबाडीह, बोईरडीह, केसला आदि के ग्रामीण भी लामबंद होने लगे हैं। क्योंकि संयंत्र की स्थापना के साथ ही इन ग्रामों की करीब 2–3 हजार एकड़ भूमि पर प्रदूषण का दुष्प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है।

### उद्योगपतियों को प्रशासन का परोक्ष संरक्षण मिलने का आरोप

जिले में बड़ी संख्या में स्थापित सीमेंट संयंत्रों के अलावा पावर प्लांट, स्पंज आयरन प्लांट स्थापित है, इसके अलावा कई अन्य उद्योगों की स्थापना के लिए निर्माण कार्य जारी है। इसे बारे में उद्योग प्रभावित गांव के निवासियों द्वारा उद्योग प्रबंधन पर नियमों को ताक पर रखकर कार्य करने का आरोप लगाया जाता रहा है। इस बारे में कई उद्योगों के खिलाफ समय–समय पर ग्रामीणों द्वारा आंदोलन कर प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग किये जाने पर प्रशासन द्वारा जांच के नाम पर महज खानापूर्ति कर मामले को रफा–दफा कर दिये जाने का आरोप पीड़ित ग्रामीणों द्वारा लगाते हुए कहा जाता है कि जिला प्रशासन के साथ–साथ निर्वाचित जनप्रतिनिधिनियों द्वारा उनकी जायज मांगों की अनदेखी कर उद्योगपतियों को परोक्ष रूप से संरक्षण दिया जा रहा है।

## मतदान कर देश को शक्तिशाली बनाएं मतदाता : मुख्यमंत्री साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा रायपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल है आने वाले 7 मई को अपना बहुमूल्य वोट का इस्तेमाल करना है, लोकतंत्र के सबसे बड़े ताकत आप सभी के वोट का होता है। अभी के लोकसभा का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है, ऐसा प्रधानमंत्री जो देश के 140 करोड़ भारतवासी को अपना परिवार मानते हैं और लोगों की सुख दुःख की रात दिन चिंता करने वाला प्रधानमंत्री 24 घंटा में 18 घंटा देश के लिए काम करने वाला प्रधानमंत्री का चुनाव है, देश को और आगे बढ़ाना है मोदीजी के नेतृत्व में देश को विश्व गुरु बनाना है। 2047 तक विकसित भारत के रूप में खड़ा करना है। आने वाले 5 साल में आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में देश को तीसर बड़ा ताकतवर राष्ट्र बनाना है। यह उसका चुनाव है छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा वोटों से 65 हजार ▶▶ शेष पेज 11 पर

### बृजमोहन अग्रवाल की विजय संकल्प रैली में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

उन्होंने कहा, राम लला दर्शन योजना शुरू कर चुकी है। सभी काम शीघ्रता से हो रहा है। चुनाव के बाद और भी शीघ्रता से होगा। प्रधानमंत्री आवास 5 साल में 3 करोड़ और बनना है। 18 लाख की स्वीकृति दे चुके हैं। चुनाव के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा, जैसे घर घर बिजली, पानी नल द्वारा पहुंचा है, तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर हर घर रसोई गैस पाइप द्वारा पहुंचेगा। 70 साल से ऊपर बुजुर्गों का आयुष्मान भारत में 5 लाख तक के इलाज का सुविधा मिलेगी। बेटा बेटी को मुद्रा योजना में 10 लाख का लोन मिल रहा था। प्रधानमंत्री की गारंटी मे वह बढ़कर 20 लाख हो जायेगा। सरकार बनने के बाद और भी बड़े बड़े कार्य होना है। मोदीजी ने कहा है 10 साल का काम तो ट्रेलर है। पूरी पिक्चर अभी बाकी है और बड़े बड़े कार्य आने वाले समय में होना इसलिए आने वाले 7 तारीख को कमल छाप में बंटन दबाकर बृजमोहन अग्रवाल को जिताने की अपील की।

## चंद्रदेव राय का भाई भाजपा में शामिल



**भटगांव।** बिलाईगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव राय के भाई मुद्रिका राय ने भाजपा का दामन थाम लिया। बता दें कि मुद्रिका राय अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के प्रदेश समन्वयक के पद पर पदस्थ थे। सारंगढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने रायगढ़ लोकसभा प्रत्याशी डॉ. मेनका सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। कार्यक्रम के पश्चात पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय के भाई मुद्रिका राय ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश करने की खबर ▶▶ शेष पेज 11 पर

## बगैर सायरन बजाये खोला शिवरीनारायण बैराज का गेट, बाल-बाल बचे लोग ...

**गिधौरी।** शिवरीनारायण महानदी बराज में गुरुवार को बढ़ा हादसा टल गया। महानदी में नहाने गए लोग पानी में आराम से नहा रहे थे, तभी अचानक से बैराज कर्मचारी द्वारा बिना सायरन बजाय गेट खोल दिया गया। गेट खुलते ही पानी की तेज रफ्तार से जिसमें कई लोग बह गए थे और साथ दो तीन बाइक पानी की जोरदार लहरों गिर गई। अनेक लोग हलकी–फुलकी चोट के शिकार हुए। किसी को कोई जान माल नुकसान नहीं हुआ। मगर बैराज वालों की लापरवाही के चलते किसी की जान जा सकती थी। कई लोगों का मोबाइल और कई लोगों को चोट भी आई है। इस प्रकार की लापरवाही से अप्रिय घटना घटित हो जाती। आगे से बैराज में इस प्रकार की लापरवाही न हो ऐसा नगरवासी और प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना के दौरान सबने अपने सूझ बुझ से जान बचाया। अनेक लोगों का कपड़ा और मोबाइल बह गया।



## एक हैंडपंप के भरोसे 25 परिवार 150 मीटर दूरी से ला रहे पानी

**भरूवाडीह-सैहा-गूमा।** ग्राम पंचायत खम्हरिया मेन रोड चौराहा के भाटापारा मोहल्ले में एक हैंडपंप के भरोसे 25 घर के 170 सदस्य 100 से 150 मीटर की दूरी तय कर घंटों इंतजार और मशक्कत के बाद उन्हें एक गुंडी पीने का पानी लाने मजबूर है। चूंकि देश के आमजनमानस को घर–घर पेयजल उपलब्ध कराने राष्ट्रीय जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम पुरान में निर्माणाधीन हैं तथा रिसदा, सैहा, खम्हरिया आदि कई गांवों में पाइप लाइन बिछ गई है पानी टंकी बन गई हैं, जगह–जगह नल लगकर चालु भी हो गये हैं, किन्तु प्रशासन और निर्माणकर्ता एजेंसी या फिर संचालन कर्ता की लापरवाही से आवश्यकता अनुसार पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति फिसड्डी और फेलवर है।

## कुएं और हैंडपंपों का जल स्तर बढ़ा

# गर्मी से सूखे तालाब व जलाशय गंगरेल के पानी से हुए लबालब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

अप्रैल के प्रथम सप्ताह से ही नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित जलाशयों तथा तालाबों में जलस्तर तेजी से कम हो रहा था। कई गांव में तो तालाब लगभग सूखने की स्थिति में आ चुके थे। जिला के प्रमुख 30 जलाशयों में जहां पानी लगभग सूख चुका था। वहीं शेष जलाशयों में औसत 20 प्रतिशत पानी ही शेष बचा हुआ था। इस कारण भू–जल स्तर में कमी आने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में निस्तारी संकट भी उत्पन्न होने लगा था। इसके पश्चात तालाबों तथा जलाशयों को भरने के लिए गंगरेल जलाशय का पानी बलौदा बाजार शाखा नहर तथा लवन शाखा नहर के ▶▶ शेष पेज 11 पर



### गिरने लगा था भू-जल स्तर

विदित हो कि पखवाड़े भर से भीषण गर्मी की वजह से नगर के पिपरहा, धोबी, चिन्नास्वामी, रामसागर, रानीसागर, देवरहा तथा सोलहा तालाबों के साथ ही जिला मुख्यालय के तालाबों के लिए जीवन दायी छुईहा जलाशय में भी जल स्तर कम हो चुका था। वहीं नगर के गौरव पथ, इंदिरा कालोनी, वैष्णव कॉलोनी, परसाभदेर रोड, पुरानी बस्ती इलाके समेत कई वार्डों में भी भू-जल स्तर कम होने की शिकायत मिलने लगी थी। मार्च के अंतिम सप्ताह से ही लोगों के घरों के बोरवेल्स तथा नगर पालिका के बोर का जलस्तर कम होने लगा था। तेजी से घटते भूजल स्तर से लोगों की समस्या बढ़ती ही जा रही ▶▶ शेष पेज 11 पर

### जिले में नहरों से पहुंचा 700 क्यूसेक पानी

जल संसाधन विभाग बलौदा बाजार के प्रभारी कार्यपालन अभियंता व्हीके सिरमौर ने चर्चा के दौरान बताया कि पं. रविशंकर डैम (गंगरेल) से जिला में करीब 700 क्यूसेक पानी प्राप्त हुआ है। विभाग द्वारा जिले के 259 ग्रामों के कुल 506 तालाबों को भरे जाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से कुल 239 ग्रामों के 470 तालाबों को भरा जा चुका है तथा 13 ग्रामों के शेष 19 तालाबों तक भी पानी पहुंचाया जा रहा है। जिनके जल्द ही भर जाने की सम्भावना है। जिन ग्रामों के तालाबों में मनरेगा के तहत कार्य चल रहा है, केवल उन्हीं तालाबों को ग्रामीणों की मांग पर छोड़ा गया है।

### मां ने पैसे नहीं दिए तो बेटे ने की पिता से मारपीट

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिंधनखोल में एक युवक ने अपने पिता से मारपीट कर दी। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी बाबूलाल नंद पिता धरमू नंद ने रिपोर्ट लिखाई है कि 1 मई की सुबह करीबन 8.30 बजे मैं अपने घर के बाहर बैठा था। उसी समय मेरा बड़ा बेटा ओमप्रकाश नंद घर पर मेरी पत्नी नोराबाई से पैसा मांग कर विवाद कर रहा था। जब उसे पैसे नहीं मिले तो वह गाली गलौज करते हुए घर से बाहर निकला और मुझे देख कर गाली गलौज करते हुए, तुम लोग मुझे पैसा नहीं देते हो कहकर घर के सामने गली में मुझसे हाथ-मुक्का एवं घर की जलाऊ लकड़ी से मारपीट करने लगा। तब मेरी पत्नी नोरा बाई ने बीच बचाव किया। प्रार्थी ने बताया कि ओमप्रकाश नंद के द्वारा मारपीट करने से मेरे बांये हाथ के पंजे ,पीठ एवं बायें आंख के ऊपर माथे में चोट आई है। पुलिस ने धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# चुनाव ड्यूटी से 1500 के नाम कटे, 1000 आवेदन किए गए रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

रायपुर लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर जिले में जिला प्रशासन ने करीब 11 हजार 5 सौ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें से ढाई हजार कर्मचारियों ने चुनाव ड्यूटी से नाम कटाने के लिए आवेदन भी किया था, जिनमें से लगभग 15 सौ आवेदनों को मंजूरी देते हुए उन कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी की सूची से हटा दिए गए हैं। इसके अलावा एक हजार आवेदन रिजेक्ट हुए हैं। चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने व जोड़ने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए जिला पंचायत रायपुर के सीईओ विश्वदीप का कहना है कि चुनाव ड्यूटी करने से हर कोई बचना चाहता है। इसके लिए कई कर्मचारियों ने बहाना बनाते हुए आवेदन किया था, लेकिन उन्हीं कर्मचारियों को ड्यूटी से अलग किया है, जिनकी समस्या गंभीर है।

### सिर-बदन दर्द, रिश्तेदार के यहां शादी जैसे आवेदन रिजेक्ट

चुनाव ड्यूटी से नाम कटाने के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारियों ने तरह-तरह के बहाने बनाए थे। इनमें कोई सिर-बदन दर्द, पैदल चलने में दिक्कत, रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में सम्मिलित होना, छोटे बच्चों की देखरेख, बड़े-बुजुर्ग की देखरेख जैसी कई तरह की समस्या बताते हुए कर्मचारियों ने अपना नाम चुनाव ड्यूटी से पृथक करने के लिए आवेदन किया था। ऐसे आवेदन करीब एक हजार थे। इन सभी आवेदनों को रिजेक्ट किया गया है।

### गंभीर बीमारी, डबल चुनाव ड्यूटी, गर्भवती के साथ घर में शादी-मृत्यु जैसे आवेदनों को मिली मंजूरी

#### जिनके नाम कटे उनकी जगह रिजर्व कर्मचारी करेंगे ड्यूटी

जिन कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी से हटाए गए हैं, उनकी जगह अब रिजर्व में रखे गए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए रिजर्व में रखे गए कर्मचारियों को ड्यूटी संबंधी आदेश पत्र भी जारी किया है।



#### जिनकी समस्या गंभीर, उनके नाम काटे गए

गंभीर समस्या वाले 15 सौ कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी से पृथक तथा एक हजार आवेदन रिजेक्ट किए हैं।

- **विश्वदीप**, नोडल अधिकारी व सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

### ऐसी समस्या वाले आवेदनों को दी गई मंजूरी

चुनाव ड्यूटी से जिनके नाम सूची से अलग किए गए हैं, उनमें गर्भवती महिला, दूधमुंहे बच्चे की मां, हार्ट पैशेंट, कैंसर, हाई बीपी-शुगर से पीड़ित जैसी बीमारी वाले कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा कई कर्मचारियों की चुनाव में डबल ड्यूटी लगा दी गई। ऐसे कर्मचारियों को भी राहत देते हुए उनके नाम पोलिंग बूथ की ड्यूटी से हटाए गए हैं। कुछ कर्मचारियों के घर में शादी समारोह है, तो किसी के परिवार में सदस्य का निधन हो गया है। ऐसे कर्मचारियों के आवेदनों को भी मंजूरी देते हुए उन्हें चुनाव ड्यूटी पृथक किया गया है।

---

## खबर संक्षेप



### शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित जे-सेवन फिटनेस में जिम के सदस्यों के लिए बुधवार को निशुल्क हेल्थ चेकअप और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 25-30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। साथ ही 70 से अधिक लोगों ने रक्त जांच कराई। साथ ही हीमोग्लोबिन काउंट, एचआईवी, मलेरिया, वीडीआरएल, डेंटल एवं आई चेकअप की सुविधा से अपने-अपने स्वास्थ्य संबंधित प्रश्नों पर परामर्श प्राप्त किया। यह शिविर जिम प्रबंधन के नेतृत्व में किया गया। शिविर में उपस्थित सभी सदस्यों को रक्तदान की महत्वता की जानकारी दी और रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र बांटकर उनके सहयोग की सराहना भी की गई।

### सेवानिवृत्त व्याख्याता चतुर्वेदी का किया सम्मान



**रायपुर।** अमलीडीह स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वरिष्ठ अंग्रेजी व्याख्याता रामगोपाल चतुर्वेदी का अधिवर्षिकी आयु पूर्ण करने के कारण सेवानिवृत्ति पर बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त शाला परिवार की तरफ से व्याख्याता रामगोपाल चतुर्वेदी को शॉल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ में उपहार स्वरूप म्यूजिक सिस्टम भी दिया गया। विद्यालय की सुषमा कौशल्या, कामना उपाध्याय ने चतुर्वेदी के बारे में अपने सरगम विद विचार प्रकट किए। उनकी ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा व समय की पाबंदी पर सभी ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रुप से नारायण लाल साहू, सुषमा कोसरिया, कामना उपाध्याय, योगिता नरवरे, दिव्या शर्मा, श्वेता सिंह, दिनेश साहू उपस्थित थे।

### बापू की कुटिया को किया क्षतिग्रस्त

**रायपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक-52 के अंतर्गत अमलीडीह अपना गार्डन स्थित बापू की कुटिया को सोमवार की रात शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। बापू की कुटिया का संचालन करने वाली अपना जी वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सचिव गिरवर प्रसाद राठौर ने बताया कि 29 अप्रैल को सुबह बापू की कुटिया की साफ-सफाई करने वाली आया यहां पहुंची तो उसने पाया कि गेट के पास लगी हुई शीशे की खिड़की है, उसे असामाजिक तत्वों द्वारा पत्थर मारकर तोड़ दिया गया, वह पत्थर अंदर पड़ा मिला है। इस घटना से समिति के सभी सदस्य अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। समिति के अध्यक्ष शरद गुप्ता ने तत्काल स्मार्ट सिटी रायपुर एवं पुलिस थाने में रिपोर्ट कर दी है और अपेक्षा की है कि ऐसे उपद्रवी तत्वों पर तत्काल कार्रवाई कर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था प्रदान की जाए।

### श्रीकृष्ण और सुदामा से सीखें मित्रता निभाना : पं. शुक्ला



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित महामाया मंदिर के सामने आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में बुधवार को भगवताचार्य पं. मनोज शुक्ला महाराज ने व्यास स्वरूप पं. शुक्ला ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे, परंतु विडंबना है कि आजकल स्वार्थ की मित्रता अधिक रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है।

---

### महिलाएं, बच्चे और युवाओं ने बैनर-पोस्टर लेकर किया प्रदर्शन

# जलसंकट को लेकर परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जलसंकट से परेशान परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों ने पानी की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। पानी नहीं, तो वोट नहीं के बैनर-पोस्टर के साथ पंडाल तानकर धरना दिया। रहवासियों ने 5 मई तक पानी की पाइप लाइन नहीं बिछाने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी भी दी है। कालोनी वासी 25 अप्रैल से धरने पर हैं।

रायपुर ग्रामीण क्षेत्र स्थित परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासी पानी की समस्या से बेहद परेशान हैं। प्रभावित कालोनी की महिलाओं का कहना है कि रोज सुबह उन्हें निस्तारी के लिए तालाब जाना पड़ता है, जबकि लाखों रुपए देकर उन्होंने छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड से मकान खरीदा है। इसके बाद भी नियमित जल आपूर्ति का अब तक स्थायी प्रबंध नहीं किया गया है और न ही उनकी कालोनी में जल आपूर्ति के लिए पानी की पाइप लाइन बिछाई गई। इसके कारण वे भीषण गर्मी में पानी की समस्या से परेशान हैं। ये स्थिति विगत 10 वर्षों से बनी हुई है। शिकायत के बाद भी न तो क्षेत्र के पूर्व विधायक और न ही नव निर्वाचित विधायक ने उनकी समस्या दूर की। इसीलिए 25 अप्रैल से धरने पर बैठे हैं।

**पानी नहीं तो वोट नहीं, 5 तक अल्टीमेटम**






### निगम के अधिकारियों का व्यू

#### 10 साल से हाउसिंग बोर्ड को फ्री में पानी दे रहे, पाइप लाइन नहीं बिछवाई

परसुलीडीह रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र से 4 किलोमीटर दूर है। इसके बाद भी नगर निगम 10 साल से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को परसुली हाउसिंग बोर्ड कालोनी के लिए निःशुल्क जल आपूर्ति कर रहा है। सड्डू की पानी टंकी से रोजाना 8 लाख लीटर पानी वहां जा रहा है, पर हाउसिंग बोर्ड वाले केवल 2 टैंकर चलाते हैं। पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन नहीं बिछवा पाये, हमने पानी आपूर्ति में कोई कमी नहीं की।

- **संतोष पांडे**, जोन कमिश्नर, नगर निगम जोन 9

#### सड्डू की बड़ी टंकी से पानी दे रहे थे निगम ने लाइन पंक्चर कर दिया : हाउसिंग बोर्ड

सड्डू की बड़ी पानी टंकी से परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी को जल आपूर्ति होती रही है। नगर निगम ने वहां ईरानी डेरा बनाकर हमारी लाइन पंक्चर कर दी। इससे पानी का फोर्स कम हो गया है। जलसंकट दूर करने टेकारी सरपंच के पास बोरवेल खनन के लिए जमीन मांगी। चिन्हांकित 2 जगहों पर बोरवेल खनन कराया है, जिसमें पर्याप्त पानी मिला है। एक दो दिन में उसमें पंप उतारा जायेगा। पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने खोदाई करवा रहे हैं। नगर निगम ने जनहित में जल आपूर्ति की मात्रा बढ़ाई है। छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड इसकी सतत निगरानी कर रहा है।

- **संदीप साहू**, डिप्टी कमिश्नर, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल

---

## 105 साल के कन्हैया राम ने किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में 100 प्लस उम्र के मतदाताओं में वोट करने को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 85 प्लस मतदाताओं को घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। इस सुविधा का लाभ उठाते हुए गुरुवार को 105 वर्षीय कन्हैया राम बंछोड़ जो ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांदुल के रहने वाले हैं, ने अपने घर पर पोस्टल बैलेट से मतदान किया। इसके एक दिन पहले ग्रामीण विधानसभा की 105 वर्षीय मतदाता रमा देवी शुक्ला ने भी घर बैठे मतदान किया था।कन्हैया राम बंछोर के 60 वर्षीय पुत्र हृदय सिंह बंछोर ने बताया कि उनके पिता का जन्म वर्ष 1919 में हुआ। वे हर चुनाव में मतदान करते है। 105 वर्ष के हो चुके उनके पिता को अब चलने में परेशानी होती है, लेकिन फिर भी उनमें मतदान को लेकर उत्साह है। अपने पिता के कहने पर उन्होंने घर पर मतदान करने की सुविधा के लिए आवेदन किया था। मतदान दल आज उनके घर पहुंचा, जिसके बाद उनके पिता ने मतदान किया। मतदान करने के बाद उनके पिता ने खुशी जाहिर की कि इस उम्र में भी उन्हें मतदान करने का मौका मिला।

---

### थोक में रद्द रहेगी लोकल, पैसेंजर ट्रेन

# गर्मी की मार के साथ ट्रेन कर रही बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नागपुर रेल मंडल के इतवारी स्टेशन में होने वाले काम के कारण दो किस्तों यानी 8 से 10 और 19 से 31 मई को संचालित होने वाली लोकल और पैसेंजर ट्रेनों की आ वा जा ही बाधित रहेगी। यात्रियों को गर्मी की मार के साथ ट्रेनों की अनियमित चाल भी झेलनी पड़ेगी।

- **नागपुर रेल मंडल के इतवारी स्टेशन में होगा काम**

एलएचएस पुशिंग का कार्य की वजह से डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर, नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस की आवाजाही 8 से 11 मई के बीच रद्द रहेगी। गोंदिया-इतवारी मेमू, इतवारी-रामटेक पैसेंजर, इतवारी-बालाघाट, इतवारी-तिरोड़ी पैसेंजर, तिरोड़ी-तुमसर पैसेंजर और स्पेशल, इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस 8 से 10 मई के बीच नहीं चलेगी। इसकेअलावा इतवारी-रींवा एक्सप्रेस इस माह में केवल 14 दिन आवाजाही करेगी। दूसरी किश्त में 19 से 31 मई के बीच नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का संचालन नहीं होगा। विभिन्न स्टेशनों में किए जाने वाले विकास कार्य का हवाला देकर पिछले कई समय से पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। इसके साथ बची खुची जो ट्रेनें चल रही हैं, उनकी अनियमित चाल की वजह से भी लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।




*एक और समर स्पेशल ट्रेन*

*गर्मी में यात्रियों को अधिक बर्थ की सुविधा दिलाने के लिए समर स्पेशल चलाने के दौरान में तीन फेरे की एक और ट्रेन की घोषणा की गई है। सूरत-ब्रह्मपुर-सूरत साप्ताहिक समर स्पेशल की सुविधा एक से 17 मई तक यात्रियों को मिलेगी। 22 कोच की यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार को सूरत और शुक्रवार को ब्रह्मपुर से रवाना होगी।*

---

# पुलिस के साथ 18 कंपनियों ने निकाला फ्लैग मार्च





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान के सात दिन पूर्व बुधवार को अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने शहर को तीन हिस्सों में बांटकर फ्लैग मार्च निकाल कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। फ्लैग मार्च कलेक्टर तथा एसएसपी के निर्देश पर पुलिस तथा अर्ध सैनिक बल के जवानों ने किया। फ्लैग मार्च में पुलिस के सभी डिविजन के पुलिस अफसरों के साथ थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी शामिल हुए।

फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से होते हुए शहर को तीन भागों में बांटकर निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान तीनों टीम द्वारा रूट में पड़ने वाले सभी चौराहों, बस्ती एवं व्यस्त इलाकों में पैदल मार्च किया गया। इस दौरान रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह तथा एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने भी मरीन ड्राइव से होते हुए आवंति नगर तक पैदल मार्च किया।

---

# श्रमिक संगठनों ने निकाली रैली आमसभा में श्रमिक एकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर संयुक्त ट्रेड यूनियन काउंसिल के नेतृत्व में श्रमिक संगठनों द्वारा राजधानी में रैली निकाली गई। मोतीबाग चौक से निकाली गई रैली शास्त्री बाजार, छोटापारा होते हुए राजीव गांधी तिराहे पर आमसभा के रूप में तब्दील हुई। इस मौके पर मेहनतकशों को एकजुट होने आवाज बुलंद की गई और मई दिवस अमर रहे के नारे गूंजे।

मई दिवस के मौके पर राजधानी में विभिन्न श्रमिक संगठनों ने रैली निकाली। इसमें रायपुर डिविजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन, बीएसएनएल एम्पलाइज यूनियन, सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन, मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटिटिव्हज यूनियन, पोस्टल कर्मचारी संघ, सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन, छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ सहित विभिन्न घटक संगठनों से संबद्ध कामगारों ने शिरकत की।

- **मोतीबाग चौक से निकाली रैली, राजीव गांधी तिराहे पर आमसभा**

इस अवसर पर हुई सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव धर्मराज महापात्र ने कहा कि इस वर्ष का मई दिवस नई चुनौतियों को लेकर आया है। यह दिवस ऐसे समय मनाया जा रहा है, जब देश में 18वीं लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। महंगाई, नोटबंदी, जीएसटी, मजदूर किसान विरोधी कानून, सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण, बेरोजगारी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। ऐसे में कामगारों को एकजुट होकर अपने हक की आवाज बुलंद करने की जरूरत है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में यह काम संगठित होकर अच्छे ढंग से किया जा सकता है।

#### मजदूर वर्ग की एकता को बनाया रखें

मौजूदा लोकसभा चुनावों में मजदूरों, किसानों और मेहनतकश लोगों के सभी वर्गों के लिए जरूरी है कि मजदूर वर्ग की एकता को बनाया रखें। नवउदारवादी नीतियों के साथ-साथ सांप्रदायिक विभाजनकारी के खिलाफ एकजुट संघर्ष को तेज करना है। आमसभा को एमके नंदी, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, एससी भट्टाचार्य एवं वीएस बघेल ने भी संबोधित किया।

---

# महतारी वंदन योजना में 654 करोड़ की तीसरी किस्त का अंतरण

### सीएम ने माताओं-बहनों से कहा- चेक कर लें अपने खाते

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महतारी वंदन योजना के अंतर्गत तीसरी किस्त महिलाओं के खाते में विष्णुदेव सरकार ने ट्रांसफर कर दी है। इसके तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को एक-एक हजार की राशि उनके खातों में अंतरण कर दी गई है। सीतापुर की चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने बुधवार को महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त दे दी है। उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपना-अपना खाता चेक करने की बात कही। गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बुधवार को महतारी वंदन योजना की तृतीय माह की सहायता राशि का भुगतान किया गया है।



#### साढ़े 6 लाख खातों का आधार लिंक नहीं

माह मई की सहायता राशि के लिए कुल 654.90 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। 63,59,226 हितग्राहियों को आधार लिंक खातों के आधार पर डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया। इसके अंतर्गत उनके आधार से लिंक हुए बैंक खाते में सहायता राशि प्राप्त होगी तथा 6,48,004 हितग्राहियों को, जिनके खाते आधार से लिंक नहीं हैं, उन्हें एनईएफटी के माध्यम से उनके खाते में भुगतान किया गया।

---

### शासकीय संपत्तियों के उपयोग का लगाया आरोप

# बृजमोहन अग्रवाल पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत करने पहुंचे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले से मुलाकात की और भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल द्वारा शासकीय संपत्तियों का उपयोग, शासकीय अधिकारी कर्मचारी पर दबाव पूर्वक कार्य करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप में कहा, लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पूरे देश में आचार संहिता लगी हुई है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक दल का प्रत्याशी शासकीय संपत्ति का उपयोग कर अपना चुनाव प्रचार व प्रसार नहीं कर सकता, परंतु बीजेपी के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल जो वर्तमान में भाजपा सरकार में मंत्री हैं, वे निरंतर अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। शासकीय भवनों, शासकीय कार्यालय, बिजली के खभों, स्कूल व अन्य सरकारी संपत्तियों में अपना बैनर पोस्टर होर्डिंग्स लगाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उनका सहयोग उनके विभाग के सरकारी कर्मचारी भी कर रहे हैं एवं चुनाव कार्य को प्रभावित कर उन्हें लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि बृजमोहन अग्रवाल के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा पूरे लोकसभा में शासकीय संपत्ति पर किए गए विज्ञापनों को तत्काल हटाया जाए एवं ऐसे प्रचार में की गई राशि को भी उनके चुनाव व्यय में गणना कर शामिल की जाए। शिकायत करने वालों में वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, छाया वर्मा, अनीता शर्मा, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, गिरीश दुबे, उधो राम वर्मा सहित कई नेता शामिल थे।



## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षणकर्ताओं ने आगामी सत्र की दी जानकारी

**रायपुर।** रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर द्वारा आयोजित दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग असेंबली संकल्प कार्यक्रम का समापन बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम में बृहद रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व ओडिसा से आए रोटरी सदस्यों और पूरे देश से आए प्रतिभाशाली प्रशिक्षण प्रदाताओं ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से कार्यक्रम में उपस्थित 400 से अधिक रोटरी सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी दौरान सभी प्रशिक्षणकर्ताओं ने आगामी सत्र के रोटरी पदाधिकारियों को रोटरी के उद्देश्यों और सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और जानकारी प्रदान की। पूरे कार्यक्रम की विशिष्टता राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की उपस्थिति एवं उनका प्रेरक उदबोधन रहा। कार्यक्रम में पं. विजय शंकर मेहता, राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तनखा, प्रवचनकर्ताओं शामिल हुए।

### शहीद हुए मजदूरों को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मई दिवस के अवसर पर बीएसएनएल आफिस परिसर में बुधवार को विशाल आमसभा हुई। इस आमसभा में सभी वक्ताओं ने मई दिवस के बारे में अवगत कराया तथा अपने अधिकार के लिए संघर्ष करते रहने का आव्हान किया और 1886 में शिकागों के शहीदों को जो 8 घंटे कार्य दिवस की मांग को लेकर शहीद हुए मजदूरों को श्रद्धांजलि दिया गया। रायपुर ट्रेड यूनियन कौंसिल के अध्यक्ष एचपी साहू ने बताया कि मई दिवस के अवसर पर सभा को सभी यूनियानों के पदाधिकारी ने संबोधित किया।

### आर्यन हत्या केस में बेटे को फंसाने का लगाया आरोप

**रायपुर।** शहर में 22 अप्रैल को हुए आर्यन मर्डर केस में रीतिक केसरवानी का कोई लेना-देना नहीं है। घटना के दो दिन बाद उसे टिकरापारा थाने में धोखे से बुलाया गया। इसके बाद मामले में पहले से पकड़े गए दो आरोपियों के साथ उसे भी 302 का आरोपी बना दिया है। केस से नाम हटाने के लिए पैसे की मांग करने का भी आरोप लगाया। रीतिक की मां संगीता केसरवानी ने बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में कहा कि मामले की शिकायत सभी आला अधिकारियों से कर रही हूं। इसमें जिन्हें पहले से आरोपी बनाया गया है, वे भी घटना में मेरे बेटे के शामिल होने की पुष्टि बयान में नहीं कर रहे हैं। इसके साथ ही जिनके साथ घटना हुई है, उनके परिवार के लोग भी रीतिक के बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं।

# भवन निर्माण श्रमिकों ने सरकार की साइकिल सहायता योजना का सबसे अधिक लाभ उठाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार प्रदेश के श्रमिकों की मदद के लिए कई योजनाएं चलाती है, लेकिन भवन निर्माण से जुड़े श्रमिकों को सबसे अधिक मदद मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना से मिली है। इस योजना के तहत पिछले चार महीनों में पौने चार लाख से अधिक श्रमिक लाभान्वित हुए हैं। खास बात ये है कि इस योजना का सबसे अधिक लाभ रायपुर जिले के मजदूरों को मिला है।

छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम विभाग द्वारा भवन निर्माण से संबंधित लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी में बताया गया है कि इस वर्ग के श्रमिको के लिए मिनी माता कन्या विवाह योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्य, और मुख्यमंत्री सायकिल सहायता योजना का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं में राज्य के सभी जिलों के कुल मिलाकर 24 लाख 84 हजार, 84 श्रमिक पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री सायकिल सहायता योजना में सबसे अधिक 3 लाख 79 हजार 188 श्रमिकों को लाभ मिला है।

## पौने 25 लाख से अधिक श्रमिक हैं पंजीकृत, चार योजनाएं हैं इनके लिए कारगर

### महतारी जतन में डेढ़ लाख को लाभ

*राज्य सरकार ने श्रमिक महिलाओं के लिए मिनीमाता महतारी जतन योजना बनाई है। इसके तहत गर्भवती श्रमिक महिलाओं को सरकार 20 हजार रुपयों की मदद देती है। गर्भवती महिलाओं की संस्थागत डिलीवरी और शिशुओं को पोषक आहार की व्यवस्था करने में छत्तीसगढ़ सरकार की मिनीमाता महतारी जतन योजना काम करती है। इस योजना से 1 लाख 94 हजार 956 महिला श्रमिकों को राशि मिली है।*



### मिनीमाता कन्या विवाह योजना

*सरकार ने श्रमिकों की लड़कियों की शादी के लिए मिनीमाता कन्या विवाह योजना बनाई है। इस योजना के तहत गरीब परिवारों की लडकियों को शादी के लिए 25 हजार रुपए सहायता राशि दी जाती है। इस योजना के तहत भवन निर्माण श्रमिकों के परिवारों की 97 हजार 752 लडकियों को शादी के लिए राशि दी गई है। इसी तरह विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्य योजना के तहत पंजीबद्ध निर्माण श्रमिकों को सामान्य मृत्यु पर 25 हजार, अंत्येष्टि के लिए पांच हजार और दुर्घटना की स्थिति में एक लाख रुपए तक देने का प्रावधान है। इस योजना में 19 हजार 924 श्रमिक परिवार लाभान्वित हुए हैं।*

## गांवों के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी लगाए जाएंगे इससे संबंधित कैंप

# रविवि ग्रामीणों को देगा कानूनी ज्ञान, कहा- खर्चीली न्याय प्रणाली चिंतनीय, इसलिए विधिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अब लोगों को विधिक सहायता देगा। इसके लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इस कैंप के माध्यम से लोगों को कानूनी ज्ञान दिए जाएंगे। विवि के स्थापना दिवस के मौके पर बुधवार को इसकी शुरुआत हुई। रविवि ने इसे विधिक सहायता क्लिनिक नाम दिया है। विधि अध्ययनशाला के अंतर्गत इसका संचालन होगा। शुभारंभ जेएनयू दिल्ली के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार शुक्ल द्वारा किया गया। विधि विभाग के प्राध्यापक तथा छात्र इसमें सहयोग प्रदान करेंगे। विधिक सहायता क्लिनिक के प्रभारी डॉ.एके साहू ने बताया, इस क्लीनिक को स्थापित करने के पीछे विश्वविद्यालय का उद्देश्य संविधान के अनुच्छेद 21 व 39 क में नागरिकों को प्रदत्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाना है। विधिक सहायता क्लिनिक उन लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करेगा, जो विधिक समस्याओं से निदान पाने में असमर्थ है। खर्चीली न्याय प्रणाली लोगों के लिए चिंता का विषय है, इसीलिए इस क्लिनिक के माध्यम से वर्ष में दो बार ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

■ लोक अदालत तथा सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने में करेंगे मदद



### विधि परीक्षाओं के लिए आवेदन शुरू

लॉ पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के लिए रविवि ने आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक, एलएलबी और बीएएलएलबी के लिए आवेदन पोर्टल 30 अप्रैल से खोल दिया गया है। छात्र बिना विलंब शुल्क 5 मई तक आवेदन कर सकते हैं। मई-जून में होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए ये आवेदन मंगाए जा रहे हैं। विलंब शुल्क सहित आवेदन तिथियों का जिक्र अधिसूचना में नहीं किया गया है।

### देंगे योजनाओं की जानकारी

विधिक सहायता के अलावा सरकार की सामाजिक कल्याण योजनाओं का प्रचार-प्रसार पर जागरूकता उत्पन्न की जाएगी। विधिक सेवा क्लिनिक के जरिए विधिक समस्याओं के निदान के लिए दस्तावेजों के प्रारूपण की जानकारी व सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त विधिक सहायता चाहने वाले व्यक्तियों का सरकारी कार्यालयों से संपर्क स्थापित किया जाएगा। विधिक शिक्षा साक्षरता के उत्थान में सहायता प्रदान करना, लोक अदालतों में संस्थित मामलों के संदर्भ में मार्गदर्शन प्रदान करना भी इसके उद्देश्यों में शामिल है।

# मतदान के लिए घर लौटने लगे श्रमिक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भटगांव

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू द्वारा स्वयं और उनके नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा किए गए कॉलिंग, वीडियो कॉलिंग के निमंत्रण पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मतदाताओं का घर लौटना प्रारंभ हो गया है। जिले के कई गांवों में ऐसे मतदाता लौट रहे हैं। ऐसे ही सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम गंजईभौना में पति–पत्नी के लौटने पर जिला प्रशासन द्वारा उनका स्वागत ढोलक मंजीरा बजाकर और फूल–माला तिलक लगाकर किया गया। यह हर्ष का विषय है कि लोकतंत्र के पर्व और देश के गर्व में शामिल होने के लिए जिले के नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निष्ठापूर्वक और गरिमापूर्ण समय अवधि में लौट रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने जिले के ऐसे सभी मतदाताओं को जो रोजगार की तलाश में या अन्य किसी कारणवश बाहर निवास कर रहे हैं। 7 मई तक अपने घर लौट आने और मतदान करने के लिए अपील की। कलेक्टर ने कहा है कि ऐसे मतदाता जो जून–जुलाई में खेती किसानी के समय लौटकर आते हैं वो इस साल लोकतंत्र के लिए समय पर मतदान के लिए 7 मई तक लौटकर आ जाएं।

■ जिला प्रशासन ने ढोल–मंजिरा की धुन पर किया स्वागत

# जिपं सदस्य ने घोटिया की महिलाओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

ग्राम पंचायत घोटिया में गुरुवार को जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेत्री भुनेश्वरी तिलक वर्मा द्वारा गांव की नारी शक्तियों का सम्मान किया गया। महिलाओं का सम्मान करते हुए जिला पंचायत सदस्य भुनेश्वरी तिलक वर्मा ने कहा कि भाजपा में महिला और पुरुष कार्यकर्ता के बीच भेदभाव नहीं किया जाता है। भाजपा ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाकर अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया है।

नारी शक्ति वंदन के तहत सभी महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपये दिये जा रहे हैं। भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में महिलाओं को सम्मान दिया है। विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। इसका असर आगे होने वाले चुनावों में देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनको राजनीति के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया है।

### जिला कांग्रेस ने बोरे बासी खाकर मनाया मजदूर दिवस

**रायपुर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने बोरे बासी खाकर मजदूर दिवस मनाया। कांग्रेस भवन गांधी मैदान में कांग्रेस नेताओं ने सामूहिक रूप से एक साथ बैठकर बोरे बासी खाया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि श्रम का सम्मान करते हुए पारंपरिक भोजन बोरे बासी खाते हुए तस्वीर सोशल मीडिया में पोस्ट की। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय, महेंद्र छाबड़ा, प्रमोद तिवारी, पंकज शर्मा, एजाज ढेबर, प्रमोद दुबे, शिव सिंह ठाकुर, जगत, गौतम यादव और बाबा मसीह उपस्थित थे।




# कार्यकर्ताओं ने बृजमोहन का जन्मदिन मनाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

नगर में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन उत्सव कार्यकर्ताओं द्वारा धुमधाम के साथ मनाया गया। नगर के वार्ड 15 में पूजा आरती के साथ आतिशबाजी कर केक काटा गया तथा रिकॉर्ड मतों से जीत की कामना की। इस अवसर पर रंजना साहू, पूर्व विधायक धमतरी धीरज जैन, रमेश सोनी, अभिजीत अवस्थी, सचिन जैन, नीरज शर्मा, सरोज देवांगन, रुक्मणी साहू, परस पाटकर, राजेश सिंह, नारायण निषाद, शिवधारी देवांगन एवं मंडल के प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# क्लेम का भुगतान नहीं करने पर बीमा कंपनी के ऑफिस को सील करने पहुंचा न्यायालय प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

दुर्घटना मृत्यु बीमा क्लेम नहीं देने पर कोर्ट के आदेश पर बुधवार को एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के पुजारी चैंबर स्थित कार्यालय को न्यायालय प्रबंधन के अधिकारी सील करने पहुंचे। बीमा कंपनी ने कोर्ट से बीमा भुगतान करने दो दिन का समय मांगा है। दो दिन के बाद आरटीजीएस के माध्यम से पैसा ट्रांसफर करने का आश्वासन दिया है। याचिकाकर्ता वैशाली मिश्रा के वकील संतोष सेन तथा त्रिनाथ सेन के मुताबिक चार वर्ष पूर्व 29 जुलाई 2021 को वैशाली के पति हिमांशु मिश्रा की चिचोला ढाबा के पास रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। इसके बाद मृतक की पत्नी तथा उनके माता-पिता ने सात फरवरी 2022 को कोर्ट के माध्यम से बीमा क्लेम के लिए याचिका दायर की। मृतक के परिजनों की याचिका की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन की कोर्ट ने 24 फरवरी 2024 को संबंधित बीमा कंपनी को 84 लाख 18 हजार 152 रुपए क्लेम देने का फैसला सुनाया। कोर्ट के फैसले के बाद भी बीमा भुगतान नहीं करने पर कोर्ट ने नौ प्रतिशत ब्याज दर के साथ एक करोड़ 62 हजार 691 रुपए भुगतान करने आदेश जारी किया।




# जमीन विवाद पर हत्या तीन को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

उरला थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व जमीन विवाद पर हत्या करने के आरोप में तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अगम कुमार कश्यप की कोर्ट में हुई। प्रकरण में 15 गवाहों के कोर्ट में बयान दर्ज कराए गए। लोक अभियोजक सरोज गुप्ता के मुताबिक कोर्ट ने विजय कुमार की हत्या के आरोप में गोपाल जायसवाल, बुधराम बंजारे तथा ननका कुर्रे को कैद की सजा सुनाई है। मृतक के भाई ने पूछताछ में बताया कि जमीन को लेकर उसके भाई के साथ बिलाईगढ़ निवासी गोपाल, बुधराम तथा ननका के साथ विवाद चल रहा था।

इसी विवाद के चलते तीनों ने योजना बनाकर रस्सी से विजय की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद लाश को पानी में फेंक कर फरार हो गए थे। कोर्ट ने घटना स्थल पर मिले साक्ष्य के अलावा एफएसएल रिपोर्ट तथा आरोपियों की डीएनए रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों को सजा सुनाई है।

**आपसी रंजिश में युवक के साथ की मारपीट :** रायपुर। खमतराई थाने में एक युवक ने तीन लड़कों तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते रास्ता रोककर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक योगेश्वर प्रसाद देवांगन ने ताराचंद साहू, होमेश, गजेंद्र साहू तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

# तपता रायगढ़ 44 के करीब, शहर की गर्मी में नहीं हुआ बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मई की शुरुआत में गर्मी ने राज्य में अपना तेज असर दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार को रायगढ़ सबसे अधिक गर्म रहा और वहां का तापमान 44 डिग्री के करीब रिकार्ड किया गया। रायपुर के तापमान में किसी तरह का बड़ा बदलाव नहीं हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक राज्य में गर्मी का प्रकोप अभी तीन से चार दिन तक जारी रहेगा। अप्रैल के अंतिम दो दिनों में तेज धूप ने रायपुर समेत पूरे राज्य में अपना असर दिखाना शुरू किया था। बुधवार एक मई को रायगढ़ का तापमान अन्य शहरों को पीछे छोड़ते हुए 43.9 डिग्री तक पहुंच गया। इसके अलावा रायपुर में भी गर्मी बढ़ी और तापमान में पिछले चौबीस घंटे की तुलना में दशमलव 2 डिग्री की वृद्धि हुई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मई में गर्मी अपना असर दिखाएगी और इस माह लू चलने के साथ नवतपा का असर भी रहेगा। शहर में तेज धूप की वजह से दोपहर बाद शहर की सड़कों में सन्नाटा छाया रहा। जिन्हें अधिक आवश्यकता थी, वही बाहर निकले। राज्य में बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त हवा की मात्रा में कमी हो चुकी है। इसीलिए पारा गर्म होने लगा है। अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों तक कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।



## पेज 9 के शेष

### खुजरी स्पंज आयरन...

बहिष्कार करने संबंधी बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन करने की जानकारी लगते जिला प्रशासन में भी खलबली मच गई। जिला प्रशासन की ओर से कतिपय अधिकारी ग्रामीणों को मनाने तथा मतदान को बहिष्कार नहीं करने मनाने खजुरी ग्राम पहुंचे।

लोकतंत्र के इस महापर्व पर मतदान बहिष्कार की काली छाया पड़ने से घबरा कर तुरंत जिला प्रशासन ग्रामीणों को मनाने की पहल शुरू करने के साथ मान–मनव्वल का काम शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों द्वारा भी प्रशासन की ओर से मिले वायदे पर भरोसा करते हुए मतदान के बहिष्कार करने वाले निर्णय को वापस ले लिया गया।

### मतदान कर देश...

वोटों से विधानसभा चुनाव जीतने वाला बृजमोहन अग्रवाल आपके प्रत्याशी हैं। आने वाले 7 तारीख को अपना बहुमूल्य वोट देकर सांसद बनाकर उन्हें संसद भेजे।

मंत्री टंकराम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा विधानसभा में चुनाव में मोदी जी के गारंटी तहत विभिन्न कार्य करने की बात कही गई थी जिसे 100 दिनों के अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा पूरा करा दिए हैं। सभी से आग्रह है लोकसभा चुनाव छोटा चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश के निर्माण का चुनाव है।

### चंद्रदेव राय का...

फैल गई। सारंगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े और छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साहू का दौरा रहा। इस कार्यक्रम के दौरान ही मुद्रिका राय ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली है। उनके साथ किसान कांग्रेस के नेता लहाराम रत्नाकर, जगदीश साहू, झुमका सरपंच प्रतिनिधि, हरिश्चंद निराला उप सरपंच तिलाईपाली, भरथरी नट बालपुर के पूर्व सरपंच समेत अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ली।

### गर्मी से सूखे ...

माध्यम से पहुंचाया गया। इससे ग्रामीण इलाकों के लोगों को बड़ी राहत मिली है तथा क्षेत्र के अधिकांश तालाब भी लबालब हो गये हैं। बलौदाबाजार नगर की नहरों के माध्यम से तालाबों में पानी भरे जाने से नगर के अधिकांश वार्डों में हैंड पम्प भी रिचार्ज हो गये हैं, जिससे मई माह की भीषण गर्मी में भी राहत मिलने की संभावना है।

### गिरने लगा था...

थी। जल संकट से जूझ रहे नगरवासियों एवं ग्रामीणों की लगातार मांग के बाद गंगरेल जलाशय से छोड़ा गया पानी बीबीसी और एलबीसी के माध्यम से सीधे बलौदाबाजार में पहुंच रहा है। बीबीसी की शाखा नहर तथा जलाशय की शाखा नहरों के माध्यम से पानी नगर के तालाबों को भरने के लिए भी छोड़ा गया है। तालाबों को भरने से पूर्व अतिक्रमण तथा गंदगी से पूरी तरह से पट चुकी नहरों की नगर पालिका द्वारा अनेक हिस्सों में सफाई कराई गयी है। नहरों के साफ होते ही पानी खोला गया है, जिससे नगर के चिन्नास्वामी, धोबी तालाब, पिपरहा तालाब, रानीसागर, सोलहा तथा देवरहा तालाबों को भरा जा रहा है।

तालाबों में पानी भरे जाने से नगरवासी काफी प्रसन्न हैं तथा आगामी मई जून के दिनों तक निस्तारी की समस्या के दूर हो जाने से वे निश्चिंत हो गये हैं। वहीं नहरों में पानी भरे रहने से आसपास निवास करने वाले लोगों के बंद पड़े बोर तथा सूख चुके कुओं में फिर से पानी आने लगा है। नगर के कृष्णा विहार, कमल कालोनी, इंदिरा कालोनी, गॉर्डन चौक निवासी लोगों ने बताया कि उनके घरों में हैंडपंप अथवा बोर से पानी भी कम निकलने लगा था, परंतु नहरों के पानी से भरे होने के बाद से हैंडपंप पुनः रिचार्ज हो गये हैं।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक |
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### सशिमं का परीक्षा परिणाम जारी

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर कनकी में वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया । इसमें कक्षा आठवीं की जानवी साहू ने 97.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अश्वनी पाठक, कक्षा शिक्षका सुनीता वर्मा एवं माता योगेश्वरी साहू, पिता मुकेश साहू और उनके मामा-मामी ने परीक्षा में सफलता पर उज्वल भविष्य कामना की।

### भीम आर्मी चीफ एड. चंद्रशेखर आजाद का आगमन 4 को जांजगीर में



**मुड़पार-सरसीवां।** भीम आर्मी चीफ और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. चंद्रशेखर आजाद का आगमन 4 मई को रायपुर में हो रहा है। जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार के राजेंद्र कुमार घृतलहरे ने बताया की आजाद चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वे रायपुर से खरोरा, पलारी, बलौदाबाजार, कसडोल, गिधौरी, शिवरीनारायण के रास्ते जांजगीर-चांपा के मालखरौदा में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सभा को सम्बोधित करेंगे। विदित हो कि जांजगीर लोकसभा क्षेत्र में आजाद समाज पार्टी ने पहली बार उम्मीदवार खड़ी की है और दिलीप खुटें चुनावी मैदान में हैं। इस कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों को उपस्थित होने की अपील की है।

## निधन

### सुशीला शर्मा



**सिमगा।** स्थानीय निवासी 65 वर्षीय सुशीला शर्मा पिता स्व. लक्ष्मीनारायण शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सिमगा के श्मशान घाट में किया गया। वह ओमप्रकाश शर्मा की बड़ी बहन थीं।

### रोहित मनहर



**मुड़पार-सरसीवां।** समीपस्थ ग्राम कोसमकुंडा निवासी रोहित मनहर का निधन हो गया। वे लम्बे समय से पीलिया से जूझ रहे थे। वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरसीवां में भौतिकी विषय के सीनियर व्याख्याता थे। वे सरल, सहज, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। रोहित मनहर छ.ग. के पूर्व डीआईजी हेतराम मनहर, सेतराम मनहर के भाई थे। इनके निधन की सूचना से अंचल में शोक की लहर है। उनका निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक इनकी अन्त्येष्टि आज शाम को गृह ग्राम कोसमकुंडा के मुक्तिधाम में होगी।

**अभियान :** मतदाता जागरूकता के लिए हुई सलाद सजाओं और बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेताओं को बांटे पुरस्कार

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत हो मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशन एवं डॉ. मिथिलेश के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम किया गया। मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत बैनर द्वारा प्रचार प्रसार, सलाद प्रतियोगिता तथा चिकित्सा संस्थानों के ओपीडी के रोगियों को उपचार पर्ची पर मतदान करने का संदेश देने तथा जागरूकता रैलियां निकालकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने संदेश दिया जा रहा है। जिला स्तरीय स्वीप बैडमिंटन प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के समापन अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को अस्पतालों में लगी एलईडी टीवी पर शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई एवं स्वीप बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती हेतु सभी को आगे आकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की बातें कही तथा एक वोट का महत्व बताते हुए कहा कि वोट पर सबका अधिकार है। सामान्य व्यक्ति से लेकर राष्ट्रपति तक सबको बराबरी का अधिकार है। उन्होंने एक वोट को भविष्य को ध्यान में रखते हुए वर्तमान एवं भविष्य तय होना बताया और लोगों को धूप से नहीं डरने और मतदान अवश्य करने कहा। मतदान स्थल पर सारी व्यवस्थाओं की जानकारी दी तथा इस वोट का अधिकार को करोड़ों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की बलिदान बाद मिलने की बातें कही। वहीं विश्वदीप मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर ने स्वास्थ्य विभाग की प्रशंसा करते हुए सभी को मतदान करने की अपील की तथा अपने घरों के आसपास पड़ोसियों को प्रेरित करने कहा। अविनाश मिश्रा नगर निगम आयुक्त ने भी मतदान के दौरान शत प्रतिशत मतदान कराने पर जोर दिया तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी मतदाताओं को मतदान अवश्य करने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. कामनी बावनकर स्वीप कार्यक्रम, मनीष कुमार मैजरवार जिला कार्यक्रम प्रबंधक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अधिकारी एवं नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं संख्या में उपस्थित थे।



### शत-प्रतिशत मतदान के लिए नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति




**खरोरा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले के कम मतदान वाले विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम लोगों को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा लोगों से 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है। सोच–समझकर बंटन दबाने, सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने का संदेश नाटक के माध्यम से दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर निगम रायपुर जोन-4 के कटोरा तालाब में चौपटी, चंदानी गार्ड, फनफेस्टो काम्प्लेक्स शैलेंद्र नगर, नेताजी चौक, बालगोपाल हॉस्पिटल चौक एवं विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ साथ रायपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में भी समानांतर कार्यक्रम का निरंतर आयोजन किया जा रहा है।

### श्रमिक दिवस पर मजदूर सम्मानित दिलायी मतदान की शपथ



**सिमगा।** नगर के ग्राम पंचायत बिनैका में 1 मई को मजदूर दिवस के मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे एवं मनरेगा के पीओ अमित वैद्य के मार्गदर्शन में ग्राम में चल रहे मनरेगा कार्य तालाब गहरीकरण में कार्यरत श्रमिकों को कार्य समाप्ति पश्चात कार्यस्थल पर ही मतदान करने शपथ दिलाई गई। सचिव कैलाश पुरी गोस्वामी ने श्रमिकों से अपील करते हुए कहा कि उनके परिवार का कोई भी सदस्य यदि बाहर हैं तो उसे मतदान दिवस के लिए बुलाकर मतदान अवश्य करावें, ताकि शत प्रतिशत मतदान हो सके। तत्पश्चात सरपंच रामनिवास ध्रुव, पंच रामरतन कोसले द्वारा पंचायत भवन में श्रमिकों का श्रमिक दिवस के अवसर पर गुलाल लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मतदाताओं को जागरुक करने में जुटा




**खरोरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा खरोरा क्षेत्र के आसपास के गांवों मांठ, असौंदा, मुरा, मोंहरेंगा, रायखेड़ा, ताराशिव, खौली, डबरी, बुडेरा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के साथ ही साथ मतदाता जागरूकता पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदान करना नागरिकों का अधिकार है वहीं दूसरी ओर हमारा दायित्व है के इस महाभियान में अपना योगदान देने की अपील की जा रही है। साथ ही नालसा के विभिन्न योजनाओं निःशुल्क विधिक सलाह सहायता योजना, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, महिलाओं का भरण पोषण अधिकार, बाल विवाह निवारण अधिनियम, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, 2011 नालसा असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए विधिक सेवाएं 2015 आदि के संबंध में लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के पैरालीगल वालिंटियर तुलेश्वर साहू थाना तिल्दा-नेवरा, शंकर लाल साहू थाना अभनपुर द्वारा जानकारी दी जा रही है।

# भाजपा के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे गरियाबंद के नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

■ मतदाताओं को मोदी सरकार की योजनाएं गिनाई

मतदान तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे भाजपा कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर अपने प्रत्याशी को विजय श्री दिलाने 400 के पार का लक्ष्य लेकर गांव एवं शहरों के वार्डों में सघन दौरा कर रहे हैं।

मतदाताओं से सघन जनसंपर्क कर भाजपा की नीतियों और योजनाओं को मतदाताओं के समक्ष रख रहे हैं। अपने वक्तव्य एवं तर्कों के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता मतदाताओं को कमल के फूल पर बंटन दबाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष गप्पू मेमन भाटापारा में जनसंपर्क के लिए निकले। वे शहर के भगत सिंह वार्ड, यासीन बाड़ा में अपने उम्मीदवार के लिए वोट मांगे और मोदीजी की सरकार बनाने की अपील की। इस जनसंपर्क में बड़ी संख्या में सैकड़ों की तादात में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।

इस जनसंपर्क कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष गुंबर सोनी, पूर्व हज कमेटी सदस्य सलीम खान,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद हारून, नदीम खान, मोहम्मद राशिद, यासीन जलियावाला, सलीम मौलाना, कलीम खान, आरिफ चौहान, सरफराज खान, एजाज खान, ईनुश कुरैशी, इरफान मेमन एवं वार्ड और समाज के लोग उपस्थित थे।

# ब्रम्हाकुमारी विद्यालय में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय हिरमी द्वारा ज्ञानोदय शिशु मंदिर स्थित केंद्र में 2 से 8 मई तक चलने वाले 7 दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास के लिए समर कैम्प कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि आशुतोष खरे थे। उन्होंने ने कहा कि बच्चों का व्यक्तित्व विकास के लिए शारीरिक विकास के साथ–साथ बौद्धिक व मानसिक विकास का होना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी बच्चों को अधिक से अधिक लाभ लेने को कहा है। नमिता दीदी ने कहा कि माता–पिता जब भी अपने बच्चों को उपहार दे तो सही शिक्षा दे। शिक्षा का मतलब पढ़ाई, लिखाई ही नहीं वरन उच्च संस्कार की आवश्यकता की बात है। दिलेश्वर मढ़रिया ने कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं। यहीं वह समय होता है जब बच्चों में उच्च सर्वांगीण विकास के लिए संस्कार दिये जाए तो वो भविष्य में उनके काम आते हैं, जो बाद में समाज के आदर्श व्यक्ति कहलाते हैं। पीआर वर्मा ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों के समय को सफल करने का सुनहरा अवसर है। सभी बच्चों को शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति ध्यान आकर्षित कराया। सभी बच्चों को कुछ एक्टिविटीज कराया। हिरमी सेवा केंद्र की संचालिका बीके नमिता दीदी ने कहा कि जिस प्रकार आप सभी स्कूलों में पढ़ाई करते हो उसी प्रकार यहां भगवान हमको पढ़ाता है। नर से नारायण व नारी से लक्ष्मी जैसा बनने के लिए बीके प्रीति द्वारा मंच संचालन का कार्य किया गया। इस मौके पर 9 से 12 वर्ष के लगभग 20 बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर शिविर का लाभ उठाया।

# गर्मी में बिजली कटौती क्षेत्रवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

क्षेत्र में लगातार बिजली की आंखमिचौली चल रही है। आये दिन गिधौरी क्षेत्र में बार-बार कटौती की जा रही है।बिजली विभाग की इस लचर व्यवस्था से क्षेत्रवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। एक फिडर में काम चलना रहता है, तो सभी फिडरों को बंद कर दिया जाता है। जब मर्जी तब बिजली कटौती की जा रही है। अब विद्युत कटौती और गर्मी से लोग हलाकान हो रहे हैं। आसपास के क्षेत्र में विद्युत की अघोषित कटौती से लोगों को बिजली, पानी की मूलभूत समस्याओं से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार गिधौरी सहित टुण्डरा, घटमडवा, कुम्हारी एवं आसपास के क्षेत्र में विद्युत की अघोषित कटौती विगत दो माह से लगातार जारी होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चाहे दिन हो या रात का समय विद्युत की अघोषित कटौती ने लोगों को हलाकान कर रखा है। क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और ऐसे में विद्युत की अघोषित कसौटी व लचर व्यवस्था से लोगों में आक्रोश है। वर्तमान में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। बिजली बहाली के नाम खानापूर्ति करते हैं। गिधौरी के प्रतिनिधि उपसरपंच सूर्या वर्मा, तुलेशवर वर्मा, तुलसी सेन, मदन खाण्डेकर आदि ने बताया की यहां पदस्थ अधिकारी की उदासीनता से क्षेत्र के जनता परेशान है। इस संबंध में विद्युत विभाग बिलाईगढ़ ई- एल एंड बंसोर से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया गया कि सेल जो 33 केव्ही का लाइन आयी है वह वोल्टेज नहीं ले रहा है, इसी नाम से बीच-बीच में बिजली कटौती करनी पड़ रही है।

# युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती प्रदान करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

■ शिवसेना जिला मीडिया प्रभारी ने मतदाताओं से राष्ट्रहित में मतदान करने अपील की

शिवसेना जिला मीडिया प्रभारी निलेश मानिकपुरी ने स्थानीय मतदाताओं से राष्ट्रहित में मतदान करने की अपील की है। उनका मानना है कि सजग और सोच समझ कर मतदान करने से वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना संभव है। जिला मीडिया प्रभारी निलेश ने जोर देकर कहा कि हर एक वोट महत्वपूर्ण है। उन्होंने इतिहास की घटनाओं का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे चुनावों में मामूली वोटों के अंतर से भी जीत और हार का निर्णय हो जाता है।

उनका मानना है कि जागरूक मतदान से ही राष्ट्र का उज्वल भविष्य सुनिश्चित होता है उन्होंने स्पष्ट किया है कि समझदारी से किया गया मतदान समाज और देश की भविष्य को आकार देता है इस प्रक्रिया में हर नागरिक का योगदान निर्णायक होता है।

पिछले कुछ वर्षों में मतदान जागरूकता में वृद्धि हुई है, परन्तु निलेश मानिकपुरी का कहना है कि अभी भी इस दिशा में बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि वे मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझे। सक्रिय रूप से इसमें भाग ले, निलेश मानिकपुरी ने विशेषकर युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए मतदान की प्रक्रिया गंभीरता से लेने की अपील की। उनका मानना है कि युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी ही देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती प्रदान करेगी। निलेश मानिकपुरी ने मतदाताओं से विनम्रतापूर्वक आग्रह किया है कि वे मतदान की महत्व को समझे और समाज में सक्रिय भागीदारी करे तथा राष्ट्र की प्रगति में योगदान करें उन्होंने कहा कि प्रत्येक वोट से राष्ट्र की दिशा और दशा तय होती है।

**आईएएस रिचा की वापसीः रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की 1994 बैच की अधिकारी रिचा शर्मा की राज्य में वापसी हो गई है। वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दो साल से दिल्ली में पदस्थ थीं। इसी दौरान राज्य सरकार ने जनवरी में उनकी वापसी के लिए मंजूरी दे दी थी। रिचा शर्मा एसीएस स्तर की अधिकारी हैं। बताया गया है कि उन्हें वन या स्वास्थ्य विभाग में से किसी एक या दोनों विभाग का प्रभार दिया जा सकता है।







